# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......अमर उजाला......

दिनांक 13.8.2019 पृष्ठ सं. ...6... कॉलम ...1-6...

भारत भ्रमण

**विदेश मंत्रालय के कार्यक्रम इंडिया को जानो के तहत पहुंचे हिसार, एचएयू सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों का किया दौरा**

# पूर्वजों की संस्कृति जानने 40 विदेशी युवा पहुंचे शहर

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। अपने पूर्वजों की संस्कृति को नजदीक से जानने के मकसद से करीब 40 विदेशी युवा शहर पहुंचे। इस दौरान इन युवाओं ने हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों का दौरा किया। यह युवा करीब 10 अगल-अलग देशों के थे। विदेश मंत्रालय के कार्यक्रम इंडिया को जानो के तहत इन युवाओं को भारत का भ्रमण कराया जा रहा है।

बता दें कि भारत सरकार ने वर्ष 2014 में इंडिया को जानो नाम से एक कार्यक्रम शुरू किया था। इस कार्यक्रम का मकसद भारतीय मूल के विदेशी युवाओं (18 से 30 वर्ष) को भारत का भ्रमण कराना है ताकि यह युवा अपने पूर्वजों की संस्कृति से रूबरू हो सके।



एचएयू का दौरा करने पहुंचे विदेशी युवा।

शहर पहुंचे विदेशी युवाओं के इस दल में फिजी, गुयाना, इजराइल, मारिशस, म्यांमार, रि-यूनियन आइलैंड, साउथ अफ्रीमा, सुरीनाम, त्रिनिदाद एंड टैबेगो के युवा शामिल थे।

## शहर में इन क्षेत्रों का किया दौरा

इन 40 युवाओं ने हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी (एचएयू) सहित घोड़ा फार्म व मत्स्य केंद्र का दौरा किया। एचएयू में इन युवाओं को इन्क्यूबेशन सेंटर, एचएयू मार्ट का दौरा कराया गया, जहां इन युवाओं को इन सेंटर के संचालन के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद यह युवा शहर के सिरसा रोड स्थित घोड़ा फार्म व मत्स्य केंद्र भी पहुंचे और इन संस्थानों के बारे में जानकारी हासिल की।

## अन्य जिलों का भी करेंगे दौरा

हरियाणा आने से पहले इन युवाओं को पंजाब का दौरा कराया जा चुका है। हरियाणा में भी यह युवा पंचकूला व कुरुक्षेत्र घूम चुके हैं। वहीं हिसार के बाद इन्हें झज्जर, रोहतक, सूरजकुंड (फरीदाबाद) का भ्रमण कराया जाएगा। फरीदाबाद से यह सभी युवा देश की राजधानी दिल्ली जाएंगे, जहां से यह अपने देश को वापस लौटेंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ....दैनिक भास्कर....

दिनांक 13.8.2019 पृष्ठ सं. ....6.... कॉलम ....6-8....

# विदेशी विद्यार्थियों ने एचएयू मार्ट में ऑर्गेनिक जूस का उठाया लुत्फ तो फूलों की जानकारी ली

## भारत को जानो कार्यक्रम के तहत 40 सदस्यों का दल एचएयू पहुंचा

भास्कर न्यूज | हिसार

भारत को जानो कार्यक्रम के तहत सोमवार को विदेशी विद्यार्थियों का 40 सदस्यों का एक दल एचएयू में पहुंचा। जहां उन्होंने एचएयू के बदलते स्वरूप के साथ ऑर्गेनिक फूड का महत्व और इसका स्वाद भी चखा। विद्यार्थियों का दल एचएयू मार्ट पर पहुंचा, जहां बताया गया कि विश्वविद्यालय किस प्रकार से ऑर्गेनिक जूस आदि को बिना केमिकल की मदद से सस्ते दामों पर लोगों को उपलब्ध करा रहा है।



एचएयू में सोमवार को विदेशी पर्यटकों का दल।

### एग्री टूरिज्म सेंटर में किया भ्रमण

विदेशी विद्यार्थियों का दल एचएयू कैंपस में स्थित एग्री टूरिज्म सेंटर में भी गया, जहां उन्होंने विभिन्न प्रजातियों के पौधों और उनकी ग्रोथ के बारे में जाना। विदेशी विद्यार्थी कैंपस में स्वच्छता को देखकर खासे प्रभावित हुए। इसके साथ ही छात्र-छात्राओं को एग्री बिजनेस इन्क्यूबेशन सेंटर भी दिखाया गया। जहां पर उन्होंने स्टार्टअप से जुड़ी जानकारियां लीं।